## एक नजर में

### आनंद आश्रम में कन्या भोज संपन्न

**सोनकच्छ।** अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित मां दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान एवं यज्ञ पूर्णाहुति पश्चात बुधवार को कन्या भोज का आयोजन संपन्न हुआ। मां दुर्गा एवं सरस्वती शिशु मंदिर के कन्याओं का पद पूजन पश्चात प्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आचार्य पंडित राजेंद्र कुमार व्यास, पंडित गणेश शर्मा आनंद आश्रम के सेवक राजाराम प्रजापति एवं सेविका श्रीमती पार्वती वर्मा का आश्रम परिवार की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आनंद आश्रम के अध्यक्ष अजयसिंह बघेल, जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ठाकुर कृष्णपाल सिंह बघेल, बाबूलाल परमार, राधेश्याम जोशी, गिरीश कुमार मुंगी, सौभागसिंह ठाकुर, मधुसूदन राठी, सुनिल दरक, महेश सिसोदिया, लक्ष्मी नारायण शर्मा, शैलेंद्र सिंह राजपूत तरुण सोखिया ओम प्रकाश पाटनी आदि भक्तगण उपस्थित थे।

### गरबा व अखंड ज्योत का किया विसर्जन



**सोनकच्छ।** समीप के ग्राम जालेरिया में हर साल की तरह इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पश्चात दशहरे के दूसरे दिन से पूर्णिमा तक पांच दिवसीय मां अंबे का गरबा व अखंड ज्योत का आयोजन मां अंबे मंदिर पर किया गया। जिसमें प्रतिदिन मां अंबे की अखंड ज्योत जलाई जाती है इस अवसर पर पांच दिवस तक प्रतिदिन ग्रामीण जन शाम होते ही ढोल बाजे व आतिशबाजी के साथ जुलूस के रूप में पूरे गांव का भ्रमण करते हुए रात्रि में गांव के बीच स्थित दुर्गा मंदिर पर पहुंचते है। यहां पर हवन पूजन पश्चात सामूहिक आरती कर प्रसाद वितरण किया जाता है इस दौरान गांव के हर घर से पूजा हेतु आरती की थाली लाई जाती है। देर रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होता है। इस दौरान ग्रामीण महिला पुरुषों बच्चों के साथ दूर-दूर से श्रद्धालुजन मां अंबे के दर्शन पूजन व हवन में होने वाला आयोजन को देखने के लिए आते है जो देर रात तक चलता रहता है। इस अवसर पर मंगलवार को विधायक डॉ राजेश सोनकर, भाजपा के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने भी आरती व पुजा में शामिल हुए। जगत जननी जगदंबा अंबे की आराधना, ज्योत व गरबे का बुधवार को पूरे नगर में चल समारोह निकालकर पूर्ण उत्साह तथा भक्तिभाव से पुजन अर्चन कर से विशाल जुलूस के साथ जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन आसपास के ग्रामीण जन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव



**कांटाफोड़।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहीं गरबा नृत्य का आयोजन हुआ तो कहीं भक्ति से ओतप्रोत सुंदरकांड पाठ किया गया। कई स्थानों पर भजन संध्या का आयोजन कर भक्तों ने देर रात तक प्रभु भक्ति में लीन होकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। सत्यनारायण मंदिर पंढरीनाथ मंदिर हनुमान मंदिर नजरपुरा नर्मदा मंदिर गोविन्द नगर ब्राह्मण समाज महिला मंडल वही वार्ड नंबर 2 में सार्वजनिक गरबा वही आई पी एस स्कूल सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने भी उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर के प्रमुख मंदिरों में विशेष सजावट की गई और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शरद ऋतु के आगमन पर आयोजित यह उत्सव सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बन गया। लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और नगर में पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी जगह दूध के प्रसाद का वितरण किया गया।

### शरद पूर्णिमा पर नगर में जगह जगह हुआ दूध वितरण



**भौरासा।** नगर में शरद पूर्णिमा के चलते मंदिरों में भजन कीर्तन हुए साथ ही जगह जगह युवाओं ने दूध वितरण कर धूमधाम से पर्व मनाया। बताया जाता हे कि भगवान श्रीकृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात में रासलीला की थी। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। ऐसा भी कहा जाता है कि देवी मां लक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात पृथ्वी लोक पर भ्रमण के लिए आती हैं। अत: शरद पूर्णिमा पर भक्ति भाव से मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में खीर, दूध रखने से उसमें अमृत घुल जाता है। जिससे ग्रहण करने से सभी कष्ट रोगों की छुटकारा मिल जाता हे इसी के चलते आदर्श युवा समिति खेड़ी मोहल्ला के युवाओं ने रात 10 बजे से दूध वितरण संपूर्ण तैयारी कर रखी 12 बजे भोग लगाकर मोहल्ले वासियों ने मिलकर दूध वितरण कर पर्व मनाया गया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु खिलाडियों का चयन

**देवास।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक तुकोजीराव पवार स्टेडियम, देवास में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अंडर 19 बालिका वर्ग में देवास की होनहार खिलाड़ी प्रीति पिता अरविंद मालवीय एवं अनुष्का पिता जितेन्द्र सिंह चौधरी का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर उज्जैन संभाग की ओर से राज्य स्तरीय मुकाबले में हिस्सा लेंगी। महाकाल हायर सेकेंडरी स्कूल की संचालक शुभम परमार एवं प्राचार्य वैशाली पाटणकर ने दोनों बालिकाओं को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। उक्त जानकारी कोच विवेक बंजारा द्वारा प्रदान की गई।

### खीर वितरण कर मनाया शरद महोत्सव

**सतवास।** सदभावना क्लब सतवास ने महाराणा प्रताप चौराहा पर शरद पूर्णिमा की रात डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया। 33वें गणेश महोत्सव के दौरान बारिश के कारण स्थगित यह कार्यक्रम को क्लब द्वारा शरद पूर्णिमा पर पुन: आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल और आसपास के क्षेत्रों से कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें देखने के लिए लगभग पांच सात हजार दर्शक मौजूद रहे और उन्होंने प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन का आनंद लिया।

## स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे चल रही फर्जी पैथालॉजी लैब व एक्सरे सेंटर

**लैब व एक्सरे सेंटर पर बगैर डिग्रीधारी युवक कर रहे जांच, मरीजों की जान को खतरा**



**देवास।** देवास शहर सहित जिले भर में धड़ल्ले से संचालित हो रही फर्जी लैब व एक्सरे सेंटर पर अनुभवहीन युवक-युवतियों द्वारा न सिर्फ जांच की जा रही है, बल्कि फर्जी हस्ताक्षर से जांच रिपोर्ट भी जारी की जा रही है। ऐसे अनुभवहीन युवक-युवतियों द्वारा की जाने वाली जांच या जांच रिपोर्ट कई बार गलत भी हो जाती है, जिससे मरीज का उपचार भी गलत दिशा में चला जाता है और उसकी जान को खतरा बढ़ जाता है। इस बात की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी है, किंतु आश्चर्य इस बात का है कि स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे चल रही इन फर्जी लैब व एक्सरे सेंटर पर कार्यवाही नहीं होती है। जब भी कोई लिखित शिकायत प्राप्त होती है, तो जांच के नाम पर औपचारिकता कर दी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में देवास शहर व जिले भर में पैथालॉजी लैब व एक्सरे का कारोबार खूब फल-फूल रहा है और हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई पैथालॉजी लैब नजर आने लगी है। कई लैब व एक्सरे सेंटर के पास तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली अनुमति भी नहीं है और ना ही कोई लैब टेक्नीशियन उपलब्ध है। देवास शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी दर्जनों लैब संचालित हो रही है, जो पूरी तरह से अवैध है। शासन की के नियमों की बात करें तो लैब संचालन के लिए एमडी पैथालॉजिस्ट मौजूद होना चाहिए और उसी के हस्ताक्षर से जांच रिपोर्ट जारी की जाती है, लेकिन यहां पर अधिकांश लैब पर पैथालॉजिस्ट की सिर्फ डिग्री टंगी रहती है, काम तो अनुभवहीन युवक-युवतियों द्वारा किया जा रहा है। यहां पर लैब टेक्नीशियन तक मौजूद नहीं रहते है। अगर हम ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो सोनकच्छ, टोंकखुर्द, कन्नौद, खातेगांव, चौबारा धीरा, हाटपीपल्या, बागली, सतवास, उदयनगर, आगरोद आदि स्थानों पर भी कई अवैध पैथालॉजी व एक्सरे सेंटर संचालित हो रहे है। पूर्व में ग्राम आगरोद, सोनकच्छ व टोंकखुर्द में फर्जी पैथालॉजी को सील किया गया था, किंतु बाद में स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से वे पैथालॉजी अन्य नाम से पुनः प्रारंभ हो चुकी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने अपनी आदत के अनुसार फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा।

### शिकायत बन जाती है कमाई का जरिया

वैसे तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरोजनी जेम्स बेक ने पैथालॉजी, एक्सरे आदि के समय-समय पर निरीक्षण करने व अवैध पैथालॉजी पर कार्यवाही करने के लिए बकायदा टीम बना रखी है और इस टीम की जिम्मेदारी है कि वह शहर व जिले भर में चलने वाली अवैध पैथालॉजी व एक्सरे सेंटर पर कार्यवाही करें, किंतु यह टीम भी न सिर्फ उदासीनता बरत रही है, बल्कि अवैध पैथालॉजी करने वाले लोगों को अघोषित रूप से संरक्षण भी दे रही है। खास बात तो यह है कि जब कभी भी किसी जागरुक व्यक्ति द्वारा शिकायत की जाती है, तो वह शिकायत भी स्वास्थ्य विभाग की कमाई का जरिया बन जाती है। ऐसे में कार्यवाही करने की उम्मीद बेमानी है।

### कमीशन का बड़ा खेल

मरीज अपना इलाज करवाने के लिए जब भी किसी डॉक्टर के पास जाता है, तो उसे खून, पेशाब की जांच, सोनोग्राफी आदि जांच करवाने के लिए कहा जाता है और डॉक्टर बकायदा उसे संबंधित पैथालॉजी के पर्चे पर ही जांच लिखता है और मरीज उसी पैथालॉजी पर जांच करवाने के लिए मजबूर हो जाता है, जहां पर छोटी सी छोटी जांच भी 300-350 रुपये में होती है और अधिकतम की तो कोई सीमा ही नहीं रहती है। जांच के बाद जिस डॉक्टर द्वारा पर्चा लिखा जाता है, उसके पास निर्धारित कमीशन भी पहुंच जाता है। कई लैब संचालक या एक्सरे सेंटर के संचालक महीने में हिसाब करते है और कुछ रोज शाम को कमीशन भेज देते है। बताया जा रहा है कि यह कमीशन 30 से 40 फीसदी होता है। यही कारण है कि अब डॉक्टर भी नब्ज देखकर इलाज नहीं करते है, बल्कि लंबी-चौड़ी जांच करवाकर इलाज की शुरुआत करते है।

## जितेन्द्र पुरोहित बने जन परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष



**देवास।** अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव एवं सह समन्वयक के. पी .अग्निहोत्री की अनुशंसा पर जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने समाजसेवी एवं पत्रकार जितेन्द्र पुरोहित को जन परिषद का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है ।संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है ।संस्था पर्यावरण पर बारह अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 275 से अधिक एवं विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण है ।जनपरिषद ने श्री पुरोहित को सर्व प्रथम उज्जैन सम्भाग का अध्यक्ष मनोनीत किया था बाद में उनकी कार्य कुशलता के आधार पर मालवा का संयोजक बनाया था। संयोजक बनने के बाद आपने 29 चेप्टर का गठन कर किया अत: संस्था ने आपकी इस उपलब्धि पर अब आपको प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी रवाना

**देवास।** देवास जिला आटिया पाटिया एसोसिएशन के सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि बेलगाव कर्नाटक मे आयोजित 38 वीं राष्ट्रीय आटिया पाटिया चैंपियनशिप मे मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए देवास से सोनाली यादव, ऋषिका पाटीदार एवं प्रिंस पाटील का चयन किया गया था। यह सभी खिलाड़ी देवास से कर्नाटक के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों को मनोज राजानी, मनीष सोलंकी, मदनलाल कहार, डॉ कोमल जैन, स्वप्निल जैन, अनिल श्रीवास्तव, भरत वर्मा, अरुण कुशवंशी, रागिनी चौहान, योगेश द्विवेदी, रजत बोडाना आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## खड़ी लोडिंग आयशर में भीषण लगी आग



**देवास।** खातेगांव के अंतर्गत आने वाले संदलपुर बस स्टैंड पर बुधवार को खड़ी एक लोडिंग आईसर वाहन में अचानक आग लग गई। वाहन में प्लास्टिक, पानी की बोतलें, डिब्बे और टिफिन रखे हुए थे। आग लगते ही बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर डायल 112 टीम और खातेगांव नगर परिषद की फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में सक्रिय योगदान दिया। सभी के संयुक्त प्रयास से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह वाहन इंदौर से रायपुर की ओर जा रही थी और संदलपुर निवासी का बताया जा रहा है। ड्राइवर वाहन बस स्टैंड पर खड़ा कर खाना खाने चला गया था, तभी अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और फायर ब्रिगेड की तत्परता से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना ने स्थानीय लोगों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को फिर से रेखांकित किया है। अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## खिलाड़ी भावना से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है : सेंधव

**69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रंगारंग शुरुआत**



**देवास।** खिलाड़ी भावना से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। यह विचार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने प्रकट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आयुषी देशमुख अध्यक्ष श्री सद्गुरु दत्त धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर ने कहा कि खिलाड़ियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन हमारे प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करता है। 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बुधवार से प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि आयोजन समिति अध्यक्ष जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का शुभारंभ तुकोजीराव पवार स्टेडियम में बुधवार शाम 5 बजे हुआ। कार्यक्रम के विशेष अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सुधीर सोमानी, सहायक संचालक शिवनंदनप्रजापति, डीपीसी अजय मिश्रा थे। अतिथियों का स्वागत. सुदेश सांगते जिला क्रीड़ा अधिकारी भारती नेक्या ने किया। स्वागत भाषणजिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारतीय ने दिया।

खिलाड़ियों को शपथ सॉफ्ट टेनिस की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निपुण सांगते ने दिलाई ।सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति उत्कृष्ट विद्यालय के बालक बालिकाओं एवं उमावि राधाबाई की छात्राओं द्वारा दी गई। इस स्पर्धा में सॉफ्ट टेनिस (14,17,19 वर्ष से कम बालक बालिका) नेटबॉल (17वर्ष से कम बालक बालिका) ताइक्वांडो (19 वर्ष से कम बालक बालिका)के पूरे प्रदेश के दस संभाग के लगभग 1000 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल्स भाग ले रहे हैं। स्पर्धा 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक संपन्न होगी। पायोनियर पब्लिक स्कूल में सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा एवं नेट बॉल तथा ताइक्वांडो स्पर्धा तुकोजीराव पवार स्टेडियम में संपन्न होगी ।कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी एवं प्रीति पंवार ने किया। आभार विश्व मित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने माना।

## उज्जैन संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण संपन्न**



**देवास।** मप्र श्रम कल्याण मंडल भोपाल द्वारा उज्जैन संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को तुकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल चौराहा पर किया गया। प्रतियोगिता का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह शाम 5.30 बजे रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि शैलेन्द्र अग्रवाल सदस्य म.प्र. कल्याण मंडल भोपाल थे। अध्यक्षता राजेश घार्गे डेप्यूटी जनरल मैनेजर एच.आर. यूमन रिसोर्स किर्लोस्कर ब्रदर्स लि. देवास ने की। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा श्रमिकों के हित में कई नई योजनाओं को लागू किया गया है। म.प्र. शासन ने एक मुश्त राशि न्यूनतम मजदूरी श्रमिकों के लिए 2000 रू की बढोतरी की गई हैं आपने बताया कि म.प्र. में 7 स्थानों पर आदर्श श्रम कल्याण केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। जिसमें इंदौर, पीथमपुर, उज्जैन, जबलपुर, सतना, भोपाल। इन आदर्श केन्द्रों पर श्रमिकों को रूकने एवं भोजन की व्यवस्था आदि की सुविधा का लाभ मिलेगा।

आपने कहा कि यहां उपस्थित श्रमिक खिलाडियों में से कई खिलाड़ी भी उद्योगपति बन सकते है, क्योंकि इंडस्ट्री में कार्य करते करते उन्हें इसका अनुभव हो जाता है। आपने कहा कि संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों को राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। सहायक कल्याण आयुक्त आर.पी. मिश्र ने मंडल द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विशेष रूप से हितेश कवर हेड ऑपरेशनल बेअरलॉकर इंडिया प्रा.लि. देवास, कुंदन दुबे सीनियर जनरल मैनेजर (पी.ओ.) विप्पी इंडस्ट्रीज प्रा.लि., ललित भट्ट डायरेक्टर ध्वनि टेरिफ फैब एक्स्पोर्टस प्रा. लि. देवास, प्रवीण त्रिपाठी महाप्रबंधक इफ्का लेबोरेट्रीज रतलाम उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। आभार सहायक आयुक्त आर.पी.मिश्र भोपाल ने व्यक्त किया।

## लायंस क्लब देवास गोल्ड ने सेवा सप्ताह संपन्न




**देवास।** सेवा ही जीवन का सार है। महान कार्य छोटे-छोटे कार्यों से बनते हैं ।अच्छाई ही एकमात्र ऐसा निवेश है जो कभी विफल नहीं होता। जब हम दूसरों की सेवा करते हैं, तो हम स्वयं पर भी काम कर रहे होते हैं। इसी आधार पर लायंस क्लब देवास गोल्ड ने सेवा सप्ताह के तहत सेवा गतिविधियां की 2 से 9 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया गया। सेवा गतिविधि में पहले दिन श्री हरि गार्डन में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें एक्यूप्रेशर पद्धति के द्वारा लोगों का इलाज किया। न्यू चिल्ड्रन स्कूल में गुड टच बेड टच के बारे में सेमिनार लगाया गया उसके बाद वरिष्ठ नागरिक संस्थान में वृद्धजनों का श्रीफल और शाल से सम्मानित किया गया। सेवा गतिविधि में दिव्यांग बच्चों को भोजन करवाया। विद्याकुंज स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी में ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। इन अवसरों पर क्लब की अध्यक्ष हिना राठौर, सचिव तरुणा जाट, कोषाध्यक्ष नेहा छाबड़िया, सोफिया कुरैशी, समीर नईम दीदी ,डॉ. मनीषा बापना, ला.लक्ष्मी राव, ला सोनल शर्मा, ला. सुषमा अरोड़ा, ला.पूजा अरोड़ा, ला.कल्पना सिंह, मोनिका राणा, ला. शकुंतला बलवानी, ला.आशा पटेल, ला. भूमिका शर्मा और क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## चापड़ा का सार्वजनिक सुविधा घर हुआ साफ सुथरा




**बागली।** विगत दिनों नवभारत समाचार पत्र में चापड़ा चौपाटी पर स्थित सुविधा घर में पसरी पर्याप्त गंदगी के विषय में समाचार का प्रकाशन किया गया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए बागली जनपद और स्थानिक ग्राम पंचायत द्वारा सुविधा घर की जीत तरीके से साफ सफाई करवाते हुए चापड़ा चौपाटी पर सुविधा घर की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करावाने में स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने की भूमिका निभाई बागली जनपद से जुड़े क्षेत्रीय अधिकारी कौशल जोशी ने बताया कि कर्मचारियों की कमी की वजह से सुविधा घर की उचित प्रकार से सफाई नहीं हो पाई थी। अब नियमित सफाई होने लग गई है। आसपास के फल व्यापारी और अन्य होटल व्यवसाययों ने सुविधा घर की सफाई पर ग्राम पंचायत चापड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय-समय पर स्वच्छता अभियान जारी रखने से गंदगी नहीं होगी और आने-जाने वाले राहगीरों को भी सुविधा रहेगी

**सरपंच का कहना है-**

इस संबंध में ग्राम पंचायत चापड़ा के सरपंच नाथू सिंह सेंधव ने बताया कि यह सुविधा घर इंटरनेशनल स्लिप शौचालय संस्था के अंतर्गत आता है ।उन्होंने एक व्यक्ति की ड्यूटी भी लगा रखी है। लेकिन वह सुनते नहीं है और कहते हैं इस मामले में ग्राम पंचायत का हस्तक्षेप नहीं होगा।

**एक नजर** पंचकोशी यात्रा में 1100 महिला पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया

## शरद पूर्णिमा पर पंचकोशी यात्रा का हुआ समापन 1100 श्रद्धालु रहे शामिल



**बागली।** निर्धारित समय अनुसार 3 अक्टूबर एकादशी से प्रारंभ हुई पंचकोशी यात्रा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर पीपरी स्थित शिव मंदिर, नर्मदा मंदिर (सीता मंदिर )पहुंचकर पूर्ण हुई । यात्रा का समापन पिपरी के निकट सीतामाता मंदिर पीपरी एवं मनकामनेश्वरी नर्मदा मंदिर पीपरी में सकुशल हुआ यहां पर सभी पंचकोशी यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था सनातन विचार मंच संस्थाद्वारा की गई । इस वर्ष पंचकोशी यात्रा में 1100 महिला पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया इस वर्ष पंचकोशी यात्रा में कसरावद क्षेत्र की यादव समाज की महिला भावना यादव ने अपनी 13 माह की पुत्री हर्षिता यादव को गोद में लेकर यह यात्रा पूर्ण की श्रद्धालु महिला यात्री भावना यादव ने बताया कि उसकी मनोकामना पूर्ण हुई थी । इसलिए वह अपनी पुत्री को गोदी में लेकर यात्रा में शामिल हुई और यात्रा पूर्ण कि साथ ही बताया कि वह पूर्व में भी पांच बार पंचकोशी यात्रा शामिल हो चुकी है ।6 अक्टूबर को धाराजी के दक्षिणी तट से उत्तर तट के लिए देवास जिला प्रशासन की ओर से मोटरबोर्ड की सुविधा मुहैया करवाई जिससे पंचकोशी यात्रा में शामिल सभी यात्रियों को नर्मदा नदी के उत्तर तट धारडी आने में आसानी रही धाराजी में प्रवेश होने पर स्थानीय निवासियों द्वारा सभी पंचकोशी यात्रियों को चाय पानी की व्यवस्था की गई। धराजी घाट पर श्रद्धालुओं ने सकुशल यात्रा संपन्न होने पर मां नर्मदा के चरणों में नमन करते हुए आशीर्वाद लिया। यात्रा के दौरान रास्ते में प्रकृति का आनंद लेते हुए सभी यात्री स्वस्थ और निरोगी नजर आए यात्रा में शामिल युवाओं ने बताया कि पूरे पंचकोशी मार्ग पर अद्भुत एहसास होता है। इतनी बड़ी संख्या में सभी उम्र के श्रद्धालु एक दूसरे का उत्साहवर्धन करते हुए यात्रा को आसानी से पूर्ण करते हैं। प्रशासन आने वाले वर्षों में खारी नदी पर पुल का निर्माण करवा दे तो यह यात्रा और भी सरल हो जाएगी।